# पी0 एन0 जी0, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर
## नैनीताल (उत्तराखण्ड)

Email- principal_pngrmr@yahoo.co.in Web add- www.gpgcramnagar.org


पत्रांक– 11 /कैंटीन/निविदा/2026–27 दिनांक– 06.04.2026

## कैंटीन संचालन एवं खान–पान व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रण

पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल में एक वर्ष के लिए नियमित कैन्टीन संचालन तथा समय–समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वर्कशॉप, समारोह आदि में "खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट www.gpgcramnagar.org से डाउनलोड किया जा सकता है या महाविद्यालय के कार्यालय से क्रय किया जा सकता है और दिनांक 30.04.2026 की अपराहन् 4:00 बजे तक **पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से जमा करने होंगे।**

कैंटीन का किराया रू0 1500/–( रुपये एक हजार पांच सौ मात्र) प्रतिमाह अर्थात रू0 18000/–( रुपये अठारह हजार मात्र) प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी महाविद्यालय की बेवसाईट पर दी जाएगी ।

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामनगर (नैनीताल)

**पृ0सं0– 11–15 /कैटीन/निविदा/2026–27 तददिनांक।**
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, हिन्दुस्तान, शाखा–रामनगर को न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशनार्थ।
2. सम्पादक अमर उजाला, शाखा–रामनगर को न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशनार्थ।
3. सम्पादक उत्तर उजाला, शाखा–रामनगर को न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशनार्थ।
4. महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रचारित प्रसारित करने हेतु।
5. महाविद्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रचारित प्रसारित करने हेतु।

Principal
P.N.G. Government P.G. College
Ramnagar (Nainital)

o/c

पी0 एन0 जी0, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर
नैनीताल (उत्तराखण्ड)
Email- principal_pngrmr@yahoo.co.in Web add- www.gpgcramnagar.org

# कैंटीन संचालन एवं खान–पान व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रण

शैक्षिक सत्र वर्ष 2026–27 में महाविद्यालय में एक वर्ष के लिए नियमित कैन्टीन संचालन तथा समय–समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वर्कशॉप, समारोह आदि में "खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु निम्नांकित शर्तों एवं नियमों के आधार पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है तथा निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र नम्बर | /कैंटीन/ निविदा/ 2026–27 दिनांक– 06.04.2026 |
| 2 | निविदा जारी करने की तिथि | 06.04.2026 |
| 3 | वेबसाइटस में जारी करने की तिथि | 07.04.2024 |
| 4 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 30.04.2026 (4:00 बजे तक) |
| 5 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 01.05.2026 (3:00 बजे) |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 01.05.2026 (तकनीकी निविदा के तुरंत बाद) |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर |
| 8 | निविदा प्रपत्र की धनराशि जी0एस0टी0 सहित | 500.00 (रू0 पांच सौ मात्र) |
| 9 | धरोहर राशि (EMD) | 10,000.00 (रू0 दस हजार मात्र) |

1. पंजीकृत फर्मो से टू–बिड सिस्टम के तहत **राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर (नैनीताल) में अनुबंध की तिथि से एक वर्ष** हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
2. मुहरबन्द निविदाएं, प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर (नैनीताल) के नाम से **पंजीकृत/स्पीड डाक द्वारा ही स्वीकार की जायेंगी।** उपरोक्त तिथि के बाद पहुँचने वाली निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेंगी।

3. **निविदा प्रकिया और हेल्पडेक्स**
   - निविदा फार्म को महाविद्यालय की वेबसाईट www.gpgcramnagar.org से डाउनलोड किया जा सकता है या महाविद्यालय के कार्यालय से क्रय किया जा सकता है ।
   - यदि निविदा की शर्तों एवं दिनांक में कोई संशोधन किये जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना महाविद्यालय की वेबसाईट पर दी जायेगी। इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में संशोधन की सूचना जारी नहीं की जायेगी।

4. **जमानत राशि/ई0एम0डी0**
   - निविदा प्रपत्र के साथ सुरक्षा निधि राशि रु.10,000/–( रुपये दस हजार मात्र) है। इसे डिमांड ड्राफ्ट जो **प्राचार्य, पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल** के पक्ष में देय हो, के माध्यम से जमा किया जाना है।

- स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।
- स्वीकृत निविदा फर्म की धरोहर राशि को सक्योरिटी डिपाजिट के तहत समायोजित किया जायेगा। के.वि.सं. के एकाउंट कोड 180 (iv) के अन्तर्गत बिना अर्नेस्ट मनी डिपाजिट के जो कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
- जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि राशि लौटा दी जायेगी।

**5. पात्रता की कसौटी**

- संस्था द्वारा गत वित्तीय वर्षों में कैंटीन संचालन एवं खान–पान व्यवस्था( केटरिंग) का कार्य किया गया हो।
- निविदाकर्ता के पास पैन कार्ड होना चाहिए जिसकी छायाप्रति जमा करानी होगी।
- निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बावत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र को रु.50/– के नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। ( निविदा फार्म में दिए गये प्रारुप अनुसार )
- निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी। प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं है।

**6. निविदा जमा की प्रक्रिया**

- निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म की तकनीकी निविदा को खोला जायेगा।
- तकनीकी तथा वित्तीय निविदाओं को पृथक–पृथक लिफाफे में रखा जाए तथा संबंधित लिफाफे के ऊपर बिड का नाम लिखना होगा।
- **तकनीकी निविदा–** तकनीकी निविदा में ए–1 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज को अलग ए–1 तकनीकी निविदा वाले लिफाफे में रखा जाए।
- **वित्तीय निविदा–** तकनीकी निविदा में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी। वित्तीय निविदा में बी–1 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेजों को अलग बी–1 वित्तीय निविदा वाले लिफाफे में रखे जाए।
- निविदा प्रपत्र और सहायक दस्तावेजों के सभी पृष्ठ स्वप्रमाणित होने चाहिए।

**7. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि–**

- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.04.2026 के अपरान्ह 4:00 बजे है।

**8. निविदा खोलना तथा मूल्यांकन**

- निविदा प्राचार्य द्वारा अधिकृत अधिकारियों द्वारा दिनांक 01.05.2026 को 3:00 बजे प्राचार्य कार्यालय में बोलीदाताओं या बोली लगाने वाले या उनके द्वारा विधिवत अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी।
- सभी निविदाओं की स्क्रूटनी की जायेगी उनकी पात्रता के लिए संबंधित दस्तावेजों की जांच की जायेगी।

**9. अधिकारियों से सम्पर्क–**

- कोई भी निविदाकर्ता निविदा खुलने से लेकर अनुबंध दिए जाने तक अपनी निविदा से संबंधित किसी भी प्रकरण में महाविद्यालय प्रशासन को प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेगा। ऐसी स्थिति में उसकी निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा।

- निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या(Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर प्राचार्य, पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
- निविदा खोलते समय यदि फर्म का प्रतिनिधि अनुपस्थित रहता है तो बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

10. सफल निविदाकर्ता को महाविद्यालय के साथ 100 रूपये के नान–जुडिसियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध नोटरी सहित करना होगा। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर सुरक्षा निधि राशि को जब्त किया जा सकेगा।
11. **पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल का कोई भी छात्र, अभिभावक, पूर्व छात्रसंघ, शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी न तो निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे और न संचालन कार्य में भागीदार होगें तथा उनकी निविदा पर कैंटीन समिति द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।**
12. निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर महाविद्यालय स्वविवेक से पैरामीटर/प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।
13. समान दरें पाये जाने पर महिला स्वयं सहायता समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
14. **कैंटीन संचालक को कैंटीन का किराया रू. 1500/–(रुपये एक हजार पांच सौ मात्र) प्रति माह होगा जिसे कैटींन संचालन आदेश के निर्गत होने से पूर्व ही संपूर्ण किराया अर्थात् 18000/– जमा करना अनिवार्य होगा।**
15. खाद्य सामग्री बनाने एवं परोसने में नियोजित कारीगर एवं वेटरों की श्रम नियमों के अन्तर्गत न्यूनतम वेतन अधिनियम के अधीन वेतन देने तथा ई.पी.एफ.एवं ई.एस.आई.सी. एक्ट कान्ट्रेक्ट, लेबर एक्ट के प्रावधानों ( इनमें से जो भी लागू हो ) के अनुपालन में समस्त जिम्मेदारी केटरिंग फर्म की होगी। खाद्य सामग्री बनाने एवं परोसने में बाल श्रमिकों को नियोजित नहीं किया जाएगा ।
16. फर्म द्वारा महाविद्यालय को प्रदाय किये जाने वाले भोजन हेतु उच्च गुणवत्ता के अनाज, दालें, ताजी सब्जियां, ब्रांडेड रिफाईन्ड तेल, ब्रांडेड एगमार्ग मसाले एवं मिलावट रहित डेरी प्रोडक्ट्स दही, दूध, पनीर, आदि गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री का उपयोग किया जाएगा ।
17. यदि केटरिंग फर्म द्वारा महाविद्यालय को प्रदाय की गई खाद्य सामग्री को व्यक्तियों द्वारा खाने के पश्चात् फूड पाईजनिंग होती है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व केटरिंग फर्म का होगा।
18. महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में चाय नाश्ता, ब्रेक फास्ट, लंच, डिनर, आदि में भोजन परोसने हेतु हॉट केस, क्राकरी, कॉच के गिलास, टी सेट, कटलरी, पेपर नेपकिन, आई.एस.आई.मार्क पैक्ड वाटर, डिस्पोजल प्लेट, कटोरी, ग्लास, चम्मच तथा आवश्यक संख्या में सामग्रियों की व्यवस्था फर्म द्वारा की जाएगी।
19. पैक्ड लंच/डिनर के लिए लेमीनेटेड एल्यूमिनियम फाइल युक्त कार्ड डिब्बे का उपयोग किया जाएगा। चावल, सब्जी, दाल, रायता एवं स्वीट डिश पैक करने के लिए प्लास्टिक डिस्पोजल ढक्कन सहित कटोरी का उपयोग किया जाएगा। सलाद एवं अचार प्लास्टिक के जिप युक्त थैली में पैक की जाएगी। रोटी/पराठा अच्छी क्वालिटी की एल्यूमिनियम फाइल में रोल करके पैक किया जाएगा। प्रत्येक डिब्बे में एक डिस्पोजल चम्मच रखी जायेगी। प्रत्येक डिब्बे को रबर बैंड से बन्द करना होगा साथ ही रबर के साथ दो पेपर नैपकिन लगे रहना चाहिए। प्रत्येक पैकेट को बन्द करने के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि खाद्य सामग्री का रिसाव न हो। पैक्ड आयटम उपरोक्त मानक अनुसार नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान से यथोचित कटौती की जाएगी।

20. पैक्ड ब्रेकफास्ट के लिए एल्यूमिनियम फाइल युक्त कार्डबोर्ड के डिब्बे का उपयोग किया जाएगा। प्रत्येक डिब्बे में एक डिस्पोजल चम्मच रखी जाएगी। डिब्बे में सामग्री रखने के बाद प्रत्येक डिब्बे के ऊपर पेपर नैपकिन रखकर रबर बैंड से बन्द किया जायेगा। उपरोक्त वर्णित पैकिंग मटेरियल उत्तम होना आवश्यक है ।
21. पैक्ड ब्रेकफास्ट लंच/डिनर के लिए विवरण अनुसार पैकिंग व्यय को जोड़कर वित्तीय निविदा में दर अंकित की जाये।
22. कैंटीन/केटरिगं व्यवस्था के लिए केन्द्र/राज्य शासन एवं स्थानीय निकायों द्वारा समय–समय पर अधिरोपित टैक्स एवं ड्यूटीज का भुगतान समय–समय पर अनिवार्य रुप से करने का उत्तर दायित्व चयनित फर्म का होगा। फर्म के देयक से नियमानुसार टैक्स की कटौती महाविद्यालय द्वारा की जाएगी।
23. खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सन्तोषजनक होने पर ही स्वीकार की जायेगी। आदेशित सामग्री की गुणवत्ता उचित न होने पर निविदादाता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी तथा देयक से वापस की गई सामग्री की राशि की कटौती की जाएगी।
24. किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर संबंधित फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।
25. निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले बिल में देय टैक्स की दर पृथक से प्रस्तुत करें ।
26. निविदा पूर्ण या आंशिक रुप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल के पास सुरक्षित रहेगा।
27. निविदाकर्ता द्वारा फूड सेफ्टी नार्मस का पालना करना होगा।
28. कैंटीन में बाहर के लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा तथा परिसर सुरक्षा और अनुशासन का अनुज्ञाप्तिधारक को पूर्ण पालन करना होगा।
29. निविदाकर्ता कैंटीन संचालन के दौरान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई विधि विरूद्ध गतिविधि संचालित नहीं करेगा अन्यथा संचालक के विरूद्ध विधिवत् कार्यवाही की जायेगी।
30. कैंटीन संचालन में व्यवधान आने की स्थिति में अनुज्ञाप्तिदाता का कोई दायित्व नहीं रहेगा।
31. कैंटीन के अंदर किसी भी मादक पदार्थों अथवा द्रव्यों/धूम्रपान (पान, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट इत्यादि) का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
32. कैंटीन संचालन का पूर्ण उत्तरदायित्व कैंटीन संचालक का होगा। अतएव जिन परिस्थितियों का उल्लेख निविदा फार्म में नहीं किया गया है उनके लिए भी कैंटीन संचालक उत्तरदायी होगा।
33. निविदाकर्ता को विक्रय की जाने वाली समस्त खाद्य सामग्रियों की मूल्य सूची कैटीन में लगानी होगी।
34. कैंटीन में प्रदाय की जाने वाली खाद्य सामग्री शुद्ध शाकाहारी रहेगी।
35. बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से श्रम कराना वर्जित है।
36. यह निविदा अहस्तांतरणीय है।
37. चयनित संस्था अपने कर्मियों की निष्ठा एवं आचरण का सत्यापन सुनिश्चित करेगी एवं उनका अभिलेख रखेगी।
38. कैटीन में कार्यरत कर्मियों के इन्श्योरेन्स की जिम्मेदारी कैटीन संचालक की होगी। कैटीन कर्मियों के साथ हुई किसी प्रकार की दुघर्टना के लिए महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
39. कैंटीन में प्रदाय खादय सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा खाद्य सामग्री तैयार करने में उपयोग किये जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं साफ–सफाई की स्थिति के संतोषप्रद होने का सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालय द्वारा एक निगरानी समिति का गठन किया जाएगा तथा सफल निविदाकार उक्त बातों के लिए समिति के प्रति उत्तरदायी होगा।
40. निगरानी समिति तथा निविदाकार के मध्य किसी विवाद की स्थिति में गुण–दोषों के आधार पर प्राचार्य का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।

41. **कैटींन का समय**

- शासकीय अवकाश व रविवार को छोड़कर अन्य दिनों कैटीन सुचारू रूप से खुलेगी।
- कैंटीन प्राचार्य के द्वारा अनुमोदित समय पर सामान्यतः प्रातः 8:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक ही चलाई जायेगी।
- महाविद्यालय में कार्यक्रमों के दौरान कैंटीन के खोलने तथा बंद करने का विवेकाधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा।

42. **दंड**

- खाद्य सामग्री गुणवत्तायुक्त प्रदाय नहीं करने पर देयक में से 2 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की कटौती की जायेगी।
- संचालक को कैंटीन से लगे हुए खुले स्थान पर कोई अधिकार नहीं होगा और वह कैंटीन तथा आसपास के परिसर को पूर्णतः स्वच्छ रखेगा अन्यथा अनुज्ञप्तिदाता के प्रति दिवस 500 रूपये की दर से शास्ति अधिरोपित की जा सकेगी।
- निविदा की शर्तो का उल्लंघन तथा कार्यालयीन समय पर अभद्र व्यवहार, कार्य में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा नशे की हालत में पाए जाने पर महाविद्यालय द्वारा कैटीन संचालक से रू0 5000/– क्षति पूर्ति की राशि वसूल की जाएगी

**43. संविदा की अवधि**

- पात्र पाई गयी संस्था को प्रथमतः अनुबंध की तिथि से एक वर्ष के लिए किया जाएगा।
- अनुबंध की अवधि को सन्तोषजनक सेवा प्रदान करने पर विस्तारीकरण पर समिति के माध्यम से अधिकतम 3 वर्ष तक (एक बार में एक वर्ष) के लिए बढ़ाया भी जा सकता है ।
- दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देनी होगी।
- खाद्य सामग्री सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जायेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जायेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौती का अधिकार प्राचार्य, पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

**44. महाविद्यालय द्वारा प्रदान जाने वाली सुविधाएं**

- भवन में एक कक्ष उपलब्ध कराया जाएगा।
- बिजली महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी, बिजली का सब मीटर लगा हुआ है जिसकी रीडिंग अनुसार विद्युत व्यय वर्तमान में प्रचलित कमर्शियल दर पर प्रति यूनिट की दर से पृथक से महाविद्यालय में प्रति माह जमा करना होगा।
- भोजन बनाने के उपयोग में आने वाले बर्तन, ईंधन आदि की व्यवस्था निविदाकर्ता को स्वयं करनी होगी।
- खाद्य सामग्री बनाने में व्यवसायिक गैस सिलेण्डर का उपयोग करना होगा।

- पानी की व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा की जायेगी जिसका जल व्यय वर्तमान में रूपये 200.00(रू0 दो सौ मात्र) प्रतिमाह सफल निविदाकर्ता द्वारा महाविद्यालय में जमा कराना होगा।

**45.भुगतान**

- महाविद्यालय द्वारा समय–समय पर आयोजित कार्यक्रमों कें खाद्य/पेय सामग्री प्रदाय हेतु सक्षम/अधिकृत अधिकारी द्वारा लिखित कार्यादेश प्रदाय किया जाएगा जिसके आधार पर ही प्रदायति सामग्री के देयकों का भुगतान देय होगा।
- भुगतान हेतु देयक आगामी माह के प्रथम सप्ताह में सभी आवश्यक पूर्तियों के साथ महाविद्यालय में जमा करे। छः माह से अधिक अवधि के देयक भुगतान करने हेतु महाविद्यालय बाध्य नहीं होगा।

**46.अधिकार क्षेत्र**

- न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार रामनगर न्यायालय होगा।

उपरोक्त समस्त शर्तें मुझे मान्य है। मैं कथन करता/करती हूं कि निविदा प्रपत्र में मेरे द्वारा अंकित जानकारी सत्य है एवं इसकी सभी नियम एवं शर्तें मुझे मान्य है।

निविदाकर्ता का नामः...........................................................
पता :...................................................
:..............................................................
हस्ताक्षर एवं मुहर

**प्रपत्र ए–1**

निविदा प्रपत्र **( तकनीकी निविदा )**

सेवा में,

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामनगर, नैनीताल

**विषयः– कैंटीन एवं खान–पान व्यवस्था ( केटरिंग ) हेतु निविदा वर्ष 2026–27 के संबंध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है ।

| क्रं.सं | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | पत्र व्यवहार का पता | |
| 3. | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 4. | पदनाम | |
| 5. | दूरभाष / मो. न. | |
| 6. | आधार नम्बर( आधार कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 7. | पैन कार्ड नम्बर( पैन कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 8. | निविदाकर्ता का पंजीकरण संख्या (पंजीकरण प्रमाणत्र की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 9. | डिमांड ड्राफ्ट संख्या तथा दिनांक | |
| | ई0एम0डी0 धनराशि | |
| | बैंक का नाम | |
| 10. | जी0एस0टी0 नम्बर | हां / नहीं |
| | यदि हां, तो पंजीकरण की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न की जानी चाहिए | |

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के बिन्दु संख्या 1 से 46 तक में दर्शित शर्तो के अनुसार कैंटीन एवं खान–पान व्यवस्था (केटरिंग ) हेतु निविदा एक वर्ष के लिए कार्य करने की सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**प्रपत्र ए–1**

निविदा प्रपत्र **( तकनीकी निविदा )**

सेवा में,

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामनगर, नैनीताल

**विषयः– कैंटीन एवं खान–पान व्यवस्था ( केटरिंग ) हेतु निविदा वर्ष 2026–27 के संबंध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है ।

| क्रं.सं | विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | फर्म का नाम | |
| 2. | पत्र व्यवहार का पता | |
| 3. | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 4. | पदनाम | |
| 5. | दूरभाष / मो. न. | |
| 6. | आधार नम्बर( आधार कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 7. | पैन कार्ड नम्बर( पैन कार्ड की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 8. | निविदाकर्ता का पंजीकरण संख्या (पंजीकरण प्रमाणत्र की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न होनी चाहिए ) | |
| 9. | डिमांड ड्राफ्ट संख्या तथा दिनांक | |
| | ई0एम0डी0 धनराशि | |
| | बैंक का नाम | |
| 10. | जी0एस0टी0 नम्बर | हां / नहीं |
| | यदि हां, तो पंजीकरण की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न की जानी चाहिए | |

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के बिन्दु संख्या 1 से 46 तक में दर्शित शर्तो के अनुसार कैंटीन एवं खान–पान व्यवस्था (केटरिंग ) हेतु निविदा एक वर्ष के लिए कार्य करने की सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

## शपथ पत्र

**रु.100/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से सत्यापित**

मै.........................................................द्वारा प्रोप्राईटर मेसर्स...............................................
निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है ।

(2) यह कि फर्म की कैंटीन एवं खान–पान व्यवस्था ( केटरिंग ) सम्बन्धी कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लंबित नहीं है।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं है।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में दर्शायी गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य, पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल को होगा।

संविदा दिनांक ................................से .......................................तक प्रवृत्त रहेगी जिसके साक्ष्य स्वरूप पक्षकार उनकी सामान्य सील चस्पा करेगें।

निम्नांकित साक्षियों की उपस्थिति में

शपथ ग्रहिता

1. नाम.....................................
   पता......................................
   .......................................

2. नाम.....................................
   पता......................................
   .......................................

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु क्रं.1 से 4 में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथ ग्रहिता

निविदा प्रपत्र ( वित्तीय निविदा )

## खाद्य सामग्री का विवरण एवं दर सूची

| S.N | PARTICULAR RATE IN RS. With GST | RATE IN RS. With GST |
|---|---|---|
| | **DRINKS** | |
| 1. | Coffee 150 ml | |
| 2. | Tea 150 ml | |
| 3. | Lassi 200 ml | |
| 4. | Butter Milk 200ml | |
| 5. | Packed Juice | |
| 6. | Soft/Cold Drink | |
| 7. | Packed Mineral water 01lit. | |
| 8. | Packed Chips | |
| | **SNACKS (PER NOS)** | |
| 9. | Mathri 50 gm | |
| 10. | Biscut Sweet/Namkeen 50 gm | |
| 11. | NamkeenSAMOSA 75 gm | |
| 12. | KACHORI 75gm | |
| 13. | Alu Paties 75 gm | |
| 14. | Bread Pakoda 75 gm | |
| 15. | Chola Samosa 250 gm | |
| 16. | Dahi Puri ( 6pcs) 250 gm | |
| 17. | Dahi Samosa 150 gm | |
| 18. | Veg Sandwich 100 gm | |
| 19. | Bun Makkhan | |
| 20. | Plain Maggi | |
| 21. | Chowmein 200 gm | |
| | **ROTI (PER NOS)** | |
| 22. | Tawa Roti 25 gm | |
| 23. | Tawa roti with Butter 35 gm | |
| 24. | Paratha 40 gm | |

| | | |
|---|---|---|
| 25. | Masala Paratha/Alu paratha 60 gm | |
| **DAL** | | |
| 26. | Dal Fried ( Full) 400 gm | |
| 27. | Dal Plain 400 gm | |
| 28. | Dal tadka 400 gm | |
| 29. | Rajma 400 gm | |
| 30. | Kadi pakora 400 gm | |
| RICE, PULAO (per plate) | | |
| 31. | Rice (Full) 300 gm | |
| 32. | Rice Jeera Fried (Full) 300 gm | |
| 33. | Kadi chawal (full) 400 gm | |
| 34. | Rajma chawal (full) 400 gm | |
| 35. | Chole chawal (full) 400 gm | |
| **VEGETABLE (PER PLATE )** | | |
| 36. | Alu Mutter (Full) 250 gm | |
| 37. | Alu Gobhi (Full) 250 gm | |
| 38. | Jeera Alu 200 gm | |
| 39. | Gobhi Masala 250 gm | |
| 40. | Gobhi Mutter (Full) 250 gm | |
| 41. | Alu Jeera 200 gm | |
| 42. | Bhindi Masala 250 gm | |
| 43. | Mix Vegetable (Full) 300 gm | |
| 44. | Bagan Bhurta 250 gm | |
| 45. | Paneer and Kaju | |
| 46. | Mutter Paneer ( Full) 450 gm | |
| 47. | Kadahi Paneer (Full) 450 gm | |
| 48. | Palak Paneer (Full) 450 gm | |
| **RAITA SALAD AND PAPAD** | | |
| 49. | Curd 350 gm | |
| 50. | Raita Cucumber 400 gm | |
| 51. | Bundi Raita 400 gm | |
| 52. | Salad ( Full) | |

| | | |
|---|---|---|
| 53. | Papad Dry 2pice | |

**BREAK FAST PACKED (PER PACKET)**

| S. NO. | PARTICULAR RATE IN RS. With GST | RATE IN RS. With GST |
|---|---|---|
| 1. | Samosa/Kachori/Patis/Kachori /Bread pakoda (Per piece) | |
| 2. | 2. Dhokla/Poha/Veg Sandwich 100 gm | |
| 3. | 3. Balushahi 50 gm | |

**PACKED LUNCH (PER PACKET)**

| S. NO. | PARTICULAR RATE IN RS. With GST | RATE IN RS. With GST |
|---|---|---|
| 1. | Roti./paratha/pudi 5 nos 75 gm each | |
| 2. | Paneer | |
| 3. | Rice/pulao | |
| 4. | Salad | |
| 5. | Achar /papad | |
| 6. | Raita/Dahi | |
| 7. | Dal | |
| 8. | Vegetable 150 gm any one | |

निविदाकर्ता का नाम:.......................................................

पता :.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

हस्ताक्षर एवं मुहर